# समाचार पत्रों की कतरनें
# मई 2024

**हिमाचल दस्तक दिनांक 4 मई 2024**
**पेज न0.15, कालम–1,2,3**

## दुर्घटना बीमा होने के बावजूद नहीं दिया क्लेम अब 9 फीसदी ब्याज सहित देने होंगे 10 लाख

वरिष्ठ संवाददाता ■ धर्मशाला

■ उपभोक्ता आयोग कांगड़ा की खंडपीठ ने दिए आदेश



उपभोक्ता आयोग कांगड़ा की खंडपीठ ने दुर्घटना बीमा होने के बाद भी क्लेम न देने वाली इंश्योरेंस कंपनी को 10 लाख रुपये नौ फीसदी ब्याज के साथ देने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा 20 हजार रुपये मुआवजा, जबकि 10 हजार रुपये मुकदमेबाजी के लिए देने के भी निर्देश दिए हैं।

ये आदेश शुक्रवार को उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य नारायण ठाकुर और आरती सूद की खंडपीठ ने सुनाए। सीमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय राजीव कुमार निवासी देहरा ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके पति का एसबीआई बैंक देहरा में बैंक अकाउंट था। इस दौरान उन्होंने वहां पर जनरल इंश्योरेंस कंपनी से दुर्घटना बीमा की भी पॉलिसी ले रखी थी और इसकी नॉमिनी अपनी पत्नी सीमा शर्मा बनाया था। इसी बीच 27 सितंबर 2021 को उनके पति घर की दूसरी मंजिल से गिर कर गंभीर चोटिल हो गए। इस दुर्घटना में उनके सिर पर गहरी चोटें आई थीं। परिजन उन्हें देहरा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और मौत का कारण सिर पर चोट आना बताया गया। इसके बाद उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी ने पॉलिसी के तहत दुर्घटना बीमा के लिए आवेदन किया। लेकिन बीमा कंपनी उन्हें क्लेम की राशि देने से आनाकानी करने लगी। इसके बाद थकहार कर पीड़िता ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत कर दी। वहीं शिकायत पर फैसला सुनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को नौ फीसदी ब्याज के साथ 10 लाख रुपये, जबकि मुआवजे के तौर पर 20 हजार और मुकदमेबाजी के लिए 10 हजार रुपये देने के आदेश दिए हैं।

अमर उजाला दिनांक–2 मई 2024
पेज न0–04 ,कॉलम–3,4

# एचआरटीसी बसों का टाइम टेबल अब ऑनलाइन होगा

## लोग घर बैठे देख सकेंगे कितने बजे चलेगी बस

संवाद न्यूज एजेंसी

शिमला। परिवहन विभाग अब हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों का टाइम टेबल ऑनलाइन करने जा रहा है। प्राइवेट ऑपरेटरों की मांग पर निगम की बसों का नया टाइम टेबल तैयार किया जाएगा।



इसके बाद इस टाइम टेबल को वेबसाइट पर डाला जाएगा। विभागों के साथ प्राइवेट ऑपरेटर और आम जनता भी इस टाइम टेबल को देख सकेगी। इसमें निगम की किस रूट पर कितने समय पर बस चलेगी इसकी जानकारी होगी। इससे यात्रियों को एचआरटीसी के काउंटरों पर बस संचालन का समय पता करने से भी निजात मिलेगी। लोग ऑनलाइन ही किसी भी रूट पर बस के चलने का समय जान पाएंगे।

टाइम टेबल को लेकर चला एचआरटीसी और प्राइवेट ऑपरेटरों का विवाद भी खत्म होगा। परिवहन कार्यालय में शुक्रवार को आरटीओ शिमला की अध्यक्षता में एचआरटीसी और प्राइवेट ऑपरेटरों की बैठक होगी। आरटीओ ने एचआरटीसी के अधिकारियों को बसों और रूट लिस्ट के साथ बुलाया है। इसके साथ ही स्कूलों के लिए

### कल बैठक में तय हो जाएगा टाइम टेबल

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बसों के टाइम टेबल को लेकर शुक्रवार को प्राइवेट ऑपरेटरों और एचआरटीसी के साथ बैठक होगी।

इसमें प्राइवेट ऑपरेटर यूनियन से दो पदाधिकारी और एचआरटीसी के दो अधिकारी शामिल होंगे। बताया कि इस दौरान एचआरटीसी और प्राइवेट बसों का टाइम तैयार किया जाएगा। टाइम टेबल बनने के बाद ऑनलाइन वेबसाइट पर डाला जाएगा। आम जनता भी इस टाइम टेबल को देख सकेगी। सात दिन के भीतर टाइम टेबल तैयार होगा।

### प्राइवेट ऑपरेटरों के साथ बातचीत के बाद तय होगी समयसारिणी

चल रही निगम की बसों की भी जानकारी मांगी है। सात दिन के भीतर बसों का टाइम टेबल तैयार किया जाएगा। इसमें यह भी तय किया जाएगा कि स्कूलों में बच्चों को छोड़ने के बाद बस को यात्रियों के लिए स्टोपेज पर रोका जाएगा या नहीं। सहमती के साथ नया टाइम टेबल तैयार किया जाएगा।

**हिमाचल दस्तक, दिनांक– 02 मई 2024**
**पेज न0–02, कॉलम.01**

# घायलों के लिए मददगार बने नेता प्रतिपक्ष जयराम

## कुफरी में रुकवाया काफिला, अपनी गाड़ी में भेजे आईजीएमसी

हिमाचल दस्तक ■ शिमला



**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व सीएम और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सड़क किनारे घायल अवस्था में दर्द से कराह रहे लोगों के लिए मददगार बने। नेता प्रतिपक्ष ने घायलों को दर्द में कराहता देख अपना काफिला रुकवाया और उन्हें अपनी गाड़ी में आईजीएमसी अस्पताल भिजवाया। पूर्व सीएम के इस संवेदना भरे काम को लोग काफी सराह रहे हैं। जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ठियोग में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन से वापस आ रहे थे। इससे पहले कुफरी में एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें दो महिलाएं, एक बच्चा और चालक बुरी तरह से घायल हो गए थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयराम ठाकुर ने अपना काफिला रुकवाया और सभी घायलों से मिले। नेता प्रतिपक्ष ने यहां पर घायलों को हौसला बंधाया और उसके बाद तुरंत अपने वाहन में सभी घायलों को उपचार के लिए आईजीएमसी भिजवाया। नेता प्रतिपक्ष ने अपने साथ तैनात सुरक्षा कर्मियों को भी घायलों के साथ वाहन में अस्पताल भेजा ताकि घायलों को किसी तरह की कोई दिक्कत अस्पताल में न आए। वहीं, उन्होंने आईजीएमसी में डॉक्टरों से भी बात की और घायलों को बेहतर उपचार देने के लिए निवेदन किया।

**■ अल्टो कार व ट्रक के बीच हुई थी भिड़ंत**

**दिव्य हिमाचल, दिनांक –02 मई 2024**
**पेज न0–01, कॉलम– 1,2**

# निजी बस ऑपरेटरों-एचआरटीसी के बीच कल होगी मीटिंग

सिटी रिपोर्टर—शिमला

राजधानी शिमला के निजी बस ऑपरेटरों और एचआरटीसी के बीच शुक्रवार को ज्वाइंट मीटिंग होगी। ये मीटिंग आरटीओ शिमला, अनिल शर्मा की अध्यक्षता में होने जा रही है।

इसमें निजी बस ऑपरेटरों और एचआरटीसी बसों की समयसारिणी के विषय पर दोनो पक्षों से मांगी गई रिपोर्ट पर चर्चा होगी, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार करने और समयसारिणी की जांच के बाद परिवहन निदेशक को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दरअसल अप्रैल महीने में निजी बस ऑप्रेटरों की ओर से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें ऑपरेटरों की ओर से एचआरटीसी के लोकल रूटों की समयसारिणि तैयार करने की मांग के साथ ही कई अन्य मांगे भी शामिल थीं। इसमें 40 किलोमीटर से लंबे रूटों को ओल्ड बस अड्डे के बजाए आईएसबीटी से चलाने और 1 मिनट प्लान से प्राइवेट बसों को बाहर रखने जैसी मांगे थीं। इस पर निजी बस ऑपरेटर की सुनील चौहान ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन पर उन्होंने पिछले महीने अपनी हड़ताल रद्द कर दी थी। वहीं, कल तीन मई की मीटिंग के बाद प्रशासन की ओर से जो भी फैसला आएगा, उसके मद्देनजर ही आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

अमर उजाला, दिनांक 4 मई 2024

पेज न0– 04, कॉलम–05

# निगम ने आरटीओ में जमा करवाया बसों का रिकॉर्ड

शिमला। हिमाचल पथ परिवहन निगम ने आरटीओ में शिमला लोकल डिपो की बसों का रिकॉर्ड जमा करवा दिया है। आरटीओ से एचआरटीसी के 67 रूट परमिट जारी हुए हैं। अब इनका टाइम टेबल तैयार किया जाएगा।

नया टाइम टेबल इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि एचआरटीसी और निजी बसों के रूट क्लैश न हों। टाइम टेबल तैयार होने पर ऑनलाइन किया जाएगा ताकि चालक -परिचालक मनमानी न कर सकें। निर्धारित समय पर ही बसों का संचालन किया जा सके। 13 मई तक नया टाइम टेबल तैयार किया जाएगा। आरटीओ शिमला अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि एचआरटीसी ने बसों का रिकॉर्ड जमा करवा दिया है। अब निगम के 67 रूट परमिट पर नया टाइम टेबल तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अब जल्द ही बसों के संचालन को लेकर चल रहा विवाद खत्म होगा। संवाद

हिमाचल दस्तक, दिनांक–04 मई 2024
पेज न0–15, कालम–1,2,3

# दुर्घटना बीमा होने के बावजूद नहीं दिया क्लेम
# अब 9 फीसदी ब्याज सहित देने होंगे 10 लाख

**वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला**

**▮ उपभोक्ता आयोग कांगड़ा की खंडपीठ ने दिए आदेश**



**उपभोक्ता** आयोग कांगड़ा की खंडपीठ ने दुर्घटना बीमा होने के बाद भी क्लेम न देने वाली ईंश्योरेंस कंपनी को 10 लाख रुपये नौ फीसदी ब्याज के साथ देने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा 20 हजार रुपये मुआवजा, जबकि 10 हजार रुपये मुकदमेबाजी के लिए देने के भी निर्देश दिए हैं।

ये आदेश शुक्रवार को उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य नारायण ठाकुर और आरती सूद की खंडपीठ ने सुनाए। सीमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय राजीव कुमार निवासी देहरा ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके पति का एसबीआई बैंक देहरा में बैंक अकाउंट था। इस दौरान उन्होंने वहां पर जनरल इंश्योरेंस कंपनी से दुर्घटना बीमा की भी पॉलिसी ले रखी थी और इसकी नॉमिनी अपनी पत्नी सीमा शर्मा बनाया था। इसी बीच 27 सितंबर 2021 को उनके पति घर की दूसरी मंजिल से गिर कर गंभीर चोटिल हो गए। इस दुर्घटना में उनके सिर पर गहरी चोटें आई थीं। परिजन उन्हें देहरा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और मौत का कारण सिर पर चोट आना बताया गया। इसके बाद उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी ने पॉलिसी के तहत दुर्घटना बीमा के लिए आवेदन किया। लेकिन बीमा कंपनी उन्हें क्लेम की राशि देने से आनाकानी करने लगी। इसके बाद थकहार कर पीड़िता ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत कर दी। वहीं शिकायत पर फैसला सुनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को नौ फीसदी ब्याज के साथ 10 लाख रुपये, जबकि मुआवजे के तौर पर 20 हजार और मुकदमेबाजी के लिए 10 हजार रुपये देने के आदेश दिए हैं।

**दिव्य हिमाचल, दिनांक– 3 मई 2024**
**पेज न0–6, कॉलम– 1,2,3,4,5**

# लोकल बसों का टाइम टेबल होगा ऑनलाइन

## शिमला के लोग मोबाइल के जरिए ही पता कर सकेंगे बसों के चलने का समय

सिटी रिपोर्टर–शिमला-

शिमला में परिवहन विभाग राजधानी में चलने वाले लोकल रूटों का टाइम टेबल ऑनलाइन करने जा रहा है। इसके लिए एचआरटीसी की ओर से क्षेत्रीय परिवहन विभाग को लोकल रूटों की सूची दी गई है। इसके बाद प्राइवेट बसों और एचआरटीसी के रूटों पर विस्तृत तौर पर जांच करने के बाद रूटों को फाइनल किया जाएगा। इसके साथ ही इन रूटों को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर भी डाला जाएगा। इस पर आरटीओ शिमला अनिल शर्मा ने कहा कि प्राइवेट बस आपरेटरों के सभी बस रूटों की सूची उनके पास पहले से है, वहीं एचआरटीसी की ओर से उन्हें 65 लोकल रूटों की सूची प्राप्त हुई है। इससे दोनों प्राइवेट और एचआरटीसी के रूटों को जोन के मुताबिक अप्रूव किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग को लगभग एक महीने का समय लगेगा। इसके बाद समयसारिणी की परिवहन निदेशक को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके साथ ही रूटों को परिवहन विभाग और एचआरटीसी दोनों की



वेबसाइट में देखा जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राजधानी में परिवहन सेवा से जुड़ी जानकारी के लिए एक मोबाइल ऐप भी लाने की योजना बनाई जा रही है। वहीं, बसों का टाइमटेबल होने से आम लोगों को भी बस काउंटर पर खड़े होने से निजात मिलेगी, तो वहीं आज एचआरटीसी और बस आपरेटरों के बीच बैठक होगी, जिसमें एचआरटीसी की ओर से दो अधिकारी और प्राइवेट बस से भी दो पदाधिकारी शामिल होंगे। टाइम टेबल को लेकर चर्चा के बाद फाइनल टाइमटेबल जारी किया जाएगा।

- एचआरटीसी की ओर दी क्षेत्रीय परिवहन विभाग को लोकल रूटों की सूची
- प्राइवेट-एचआरटीसी बसों के रूटों की विस्तृत जांच करने के बाद होंगे फाइनल
- इन रूटों को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर भी किया जाएगा अपलोड
- एचआरटीसी और प्राइवेट बस आपरेटरों के बीच आज होगी बैठक

**हिमाचल दस्तक, दिनांक 7 मई 2024**
**पेज न0–02, कालम–6,7,8**

# लाभार्थियों को ई–टैक्सी के लिए देनी होगी 10 फीसदी रकम

शकील कुरैशी ■ शिमला



- चार बैंकों के साथ बनी सब्सिडी की बात
- अभी चुनाव आयोग से नहीं मिली मंजूरी

> लाभार्थी युवाओं की सूची को पोर्टल में डाला जाएगा जहां पर उन्हें अप्लाई करना होगा। यह सब काम तभी होगा जब चुनाव आयोग से मंजूरी मिलेगी। बैंकों के साथ बातचीत हो चुकी है।
>
> **- मानसी सहाय ठाकुर, आयुक्त श्रम एवं रोजगार।**

सरकार की ई-टैक्सी योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों को 10 फीसदी पैसे का योगदान देना होगा। बैंक से उन्हें सरकार 40 फीसदी का लोन दिलाएगी और 50 फीसदी सब्सिडी खुद देगी। सब्सिडी के बाद युवाओं को लोन देने के लिए चार बैंक तैयार हो गए हैं। इनके साथ सरकार ने बातचीत कर ली है।

जानकारी के अनुसार कम ब्याज दर पर ये बैंक युवाओं को लोन देंगे। जानकारी के अनुसार इस योजना को अभी तक चुनाव आयोग की मंजूरी नहीं मिली है। प्रदेश के श्रम एवं रोजगार विभाग ने मामला मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को भेज रखा है, मगर 15 दिन से ज्यादा का समय हो गया है अभी तक वहां से कोई जवाब नहीं मिल पाया है। ऐसे में मामला लंबित है। सरकार ने बजट में इस योजना की घोषणा की थी जिसके तहत पहले चरण में 114 युवाओं का चयन कर लिया गया है। प्रदेश के 114 युवाओं को पहले चरण में इस योजना का लाभ मिलना है क्योंकि सरकारी विभागों ने अभी तक इतने ही वाहनों की डिमांड सरकार को भेजी थी।

युवाओं के चयन का काम और विभागों से उनकी डिमांड को लेने का काम परिवहन विभाग ने किया है। उनकी ओर से ही लाभार्थियों का चयन शर्तों के आधार पर किया गया, जिसके बाद उन्होंने पूरी सूची श्रम एवं रोजगार विभाग को भेजी। श्रम एवं रोजगार विभाग ही युवाओं को सब्सिडी देगा। यह सब्सिडी 50 फीसदी होगी। बताया जाता है कि चुनाव आयोग से मंजूरी मिलने के बाद ही इस योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए जिन 114 युवाओं को लाभार्थी के रूप में चुना गया है उनको श्रम एवं रोजगार विभाग पत्र भेजेगा। इसके बाद वे श्रम एवं रोजगार विभाग के पोर्टल पर आवेदन करेंगे। श्रम विभाग के पोर्टल पर अप्लाई करने के बाद ही इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। बता दें कि सरकार स्टार्ट अप योजना के तहत ई-टैक्सी की योजना लाई है जिसकी घोषणा बजट में की गई थी। सरकार ने इस साल में 500 लोगों का चयन करने की घोषणा की है क्योंकि अभी ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना को चलाया जाना है। 114 के बाद अन्य लोगों का चयन करने की प्रक्रिया बाद में पूरी की जाएगी।

**हिमाचल दस्तक, दिनांक–07 मई 2024**

**पेज न0–15, कॉलम–4,5,6,7**

चंबा में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोले डीसी मुकेश रेपसवाल

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्लान तैयार

हिमाचल दस्तक ▮ चंबा

▮ कहा- जिला में अधिकतर ब्लैक स्पॉट का हो चुका है सुधारीकरण

जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिला में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों एवं प्रयासों के बारे में विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि जिला में विभिन्न ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जिन्हें सुधारा जा चुका है।

ब्लैक स्पॉट के चयन तथा सुधारीकरण का कार्य जिला में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर किया जा रहा है तथा इसके लिए लोनिवि, पुलिस,



परिवहन विभाग तथा अन्य विभागों व संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। रेपसवाल ने कहा कि

मादक पदार्थों का सेवन करते हुए लापरवाही से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की रोकथाम की दृष्टिगत सड़क सुरक्षा के लिए सरकारी विभागों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं तथा बुद्धिजीवी

वर्ग को भी आवश्यक सहयोग करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस क्षेत्र में अतीत की तुलना में सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी महेला, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह भारद्वाज, नगर परिषद चंबा के एसडीओ मदन शर्मा अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**The Tribune, Dated 07 May2024**

**Page No. 01, colum-1,2,3,4,5**

# 3 killed as tipper rolls down hill in Kullu

OUR CORRESPONDENT

KULLU, MAY 6

Three persons, including a woman, were killed and a child was injured as a tipper rolled 100 metre down a hill near Goshala village in Banjar subdivision today.

According to the information, all the four occupants hailed from Banjar.

The police carried out the rescue operation with the help of locals.

The woman died on the spot, while another occupant of vehicle died during treatment in Banjar hospital.

One injured died in a Kullu hospital, while the girl child was undergoing treatment at the same hospital.

Banjar Deputy Superintendent of Police (DSP) Sher Singh Thakur said, "The deceased were identified as Jogi Ram (50) of Chanon village, Kirna Devi (28) of Jamadidhar village and driver Ahi Chand (48) of Dhara village. Gayatri Devi (4) of Jamadidhar village was undergoing treatment in Kullu hospital."

The DSP said the bodies were handed to the family members after post mortem.

The police said the cause of the road accident was yet to be ascertained and further investigations were underway.

In another accident, three persons, including two women were injured as a car in which they were travelling met with an accident near Palach village in Banjar subdivision.

The driver was referred to Kullu hospital, while the women were admitted to Banjar hospital.

## MLA asks state govt to depute adequate staff in Banjar hospital

Banjar MLA Surender Shourie alleged, "It was unfortunate that only one doctor was present in the hospital today. The previous BJP government had notified posts of 14 doctors for Banjar hospital, but these were reduced to five by the present government. The government should depute adequate doctors in Banjar."

## 3 from state die in U'khand road mishap

SHIMLA, MAY 6

Three persons from Shimla district were killed and one was injured after a PickUp truck in which they were travelling plunged into Tons river in Uttarakhand, police said here today. The deceased have been identified as Rohit Dhopta, Manmohan Singh and Pranjal. The injured, identified as Susheel, was behind the wheel. All were residents of Nerwa in Shimla district.

The accident took place on Sunday night on the Haripur-Koti Ichhadi road near Chibro Power House in Uttarakhand when they were on way to Nerwa from Vikasnagar. The driver lost control over the vehicle and it plunged in the Tons, killing two occupants on the spot. Police and SDRF team started a rescue operation that lasted for four hours. A third occupant succumbed to his injuries on way to hospital. — TNS



The damaged motorcyle after it collided with a four-wheeler at Kishankot in Paonta Sahib. TRIBUNE PHOTO

## Teacher dies in Paonta mishap

OUR CORRESPONDENT

NAHAN, MAY 6

A 56-year-old school teacher was killed in a road accident at Kishankot in Paonta Sahib on Monday. Khajan Singh, a resident of Shiva village in Paonta Sahib tehsil, was on way to school when a speeding Scorpio collided with his motorcycle. Eyewitnesses claimed that Khajan Singh succumbed to his injuries on the scene.

Khajan Singh, a Hindi lecturer, is survived by his wife, two sons and a daughter. The driver of the Scorpio rushed Khajan Singh to a local hospital, where doctors confirmed his death on arrival. The police have initiated an investigation into the accident.

**दिव्य हिमाचल, दिनांक 10 मई 2024**

**पेज न0–02, कॉलम– 5,6,7**

# ट्रांसपोर्टेशन पर निजी स्कूलों को झटका

## एसआरटी–परमिट–पासिंग फीस में भारी वृद्धि, बढ़ा आर्थिक बोझ

**कार्यालय संवाददाता – हमीरपुर**



प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों की ट्रांसपोर्टेशन व्यवस्था को भारी झटका दिया है। दरअसल निजी स्कूलों के ट्रांसपोर्ट की फीसें को दोगुना से अधिक कर दिया गया है। ऐसे में प्राइवेट स्कूलों पर जहां आर्थिक बोझ पड़ेगा, तो स्वभाविक है कि स्कूल प्रबंधन इसकी वसूली बच्चों के अभिभावकों से करेंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि इसका सीधा असर जनता पर भी पड़ेगा। परिवहन विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार इस साल से स्कूलों की बसों के स्टेट रोड टैक्स, परमिट रिन्यू फीस और पासिंग फीस में भारी भरकम वृद्धि की गई है। परिवहन विभाग के नए फीस स्ट्रक्चर ने स्कूल प्रबंधकों के होश उड़ाकर रख दिए हैं। प्राइवेट स्कूलों की मानें, तो स्कूलों की बसों का एसआरटी (स्टेट रोड टैक्स) 9000 से बढ़ाकर सीधा 20500 रुपए कर दिया गया है। स्कूली बसों से प्रति सीट के 500 रुपए वसूले जा रहे हैं। यही नहीं, स्कूल बसों की परमिट रिन्यू फीस में भी इजाफा करते हुए इसे 1350 रुपए से बढ़ाकर 3080 रुपए कर दिया गया है। वहीं, पासिंग फीस में भी बढ़ोतरी की गई है। जहां पहले बसों की पासिंग फीस के 350 रुपए भरने पड़ते थे, अब 2150 रुपए देने पड़ रहे हैं। स्कूल प्रबंधन भी परिवहन विभाग

■ परिवहन विभाग के नए फीस स्ट्रक्चर ने उड़ाए प्राइवेट स्कूल प्रबंधन के होश

के इन आदेशों से न केवल परेशान हैं, बल्कि वे सरकार से भी नाराज नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में पहले ही स्कूल चलाना मुश्किल होता जा रहा है। ऊपर से ट्रांसपोर्ट की फीस एक साथ इतनी अधिक बढ़ाकर उनकी दिक्कतें और बढ़ गई हैं। आरटीओ हमीरपुर अंकुश शर्मा का कहना था कि अब सारा सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। हो सकता है थोड़ी फीस बढ़ाई गई हो, लेकिन फिलहाल अभी मेरे ध्यान में यह मामला नहीं आया है।

**हिमाचल दस्तक दिनांक 23 मई 2024**

**पेज न0–08, कालम– 3,4,5**

# 11 स्कूल बसों व एक टिप्पर का काटा चालान

## बीबीएन में आरटीओ नालागढ़ की टीम ने की कार्रवाई

**हिमाचल दस्तक ब्यूरो ■ बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र बीबीएन में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नालागढ़ की टीम ने निजी स्कूल की बसों पर कड़ा शिकंजा कसा और 11 बसों सहित एक टिप्पर में खामियां पाए जाने पर चालान काटे। विभाग ने बाहरी राज्य की बिना टैक्स अदा व एचपी काउंटर साइन व अन्य के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई।

विभाग की टीम ने भुड्ड के समीप करीब 40 छोटे-बड़े वाहनों का निरीक्षण किया और निजी स्कूल की करीब दर्जनभर बसों पर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के आरटीओ ने भुड्ड में नाका लगाया। नाके के दौरान बिना परमिट की एक दर्जन बसों के चालान किए। ये बसें रोड सेफ्टी के नियमों की भी अवहेलना कर रहीं थीं, जिस



पर विभाग ने इन सभी बसों के चालान काटे हैं। विभाग निजी स्कूल को भी नोटिस जारी करेगा। आरटीओ मदन शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को भुड्ड में नाका लगाया गया। नाके के दौरान उन्होंने बाहरी राज्यों की बसों की जांच की।

जांच के दौरान एक दर्जन बसें बाहरी राज्यों के नंबर की थीं, लेकिन इन बसों ने परिवहन विभाग से काउंटर साइन कराए थे। विभाग ने बाहरी राज्य की बसों की 35 सौ रुपये प्रतिसीट प्रति वर्ष के हिसाब से फीस जमा करानी होती है। संचालक सालभर की फीस को तीन-तीन

> परिवहन विभाग के निदेशक के दिशा-निर्देश के बाद यह नाका लगाया था, जिसमें एक निजी स्कूल की अधिक बसें थीं। ये बसें बिना काउंटर साइन के चल रही थीं। इसके अलावा स्कूल की बसें होने पर भी रोड सेफ्टी के नियमों की अनदेखी हो रही थी, जिस पर इस स्कूल को नोटिस जारी किया जाएगा। अभी इन बसों के चालान किए हैं जल्द ही जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा एक टिप्पर का भी चालान किया गया है।
>
> **- मदन शर्मा**
> **आरटीओ, नालागढ़।**

माह के अंतराल में भी जमा करा सकता है, लेकिन निजी स्कूल की सभी बसें बिना काउंटर साइन किए संचालित हो रही थीं।

हिमाचल दस्तक, दिनांक 27 मई2024
पेज न0–12, कालम– 3,4,5

# बिना परमिट बॉर्डर पर खड़े हुए ट्रक

## व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस काम न करने से झेलनी पड़ रही दिक्कतें

**हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बीबीएन**

वाहनों में लगे व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस वीएलटी काम न करने से वाहन चालकों के ट्रक बॉर्डर पर बिना परमिट के खड़े हो गए हैं। अप्रैल माह में भी यह वाहन वीएलटी में तकनीकी खराबी आने से ऐसा हुआ था अब दूसरी बार वीएलटी काम नहीं कर रही है। इसके काम न करने से वाहनों के नैशनल परमिट नहीं बन रहे हैं। कई वाहन चालकों ने कंपयिनों से माल भरकर यहां से रवाना कर दिया, लेकिन वीएलटी काम न करने से ट्रकों के एनपी परमिट नहीं बन पाए। अब ये ट्रक बिना परमिट के बाहरी राज्यों को बॉर्डर पर खड़े है। जानकारी के अनुसार नालागढ़ ट्रक यूनियन के करीब तीन दर्जन से अधिक ट्रकों को यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन ट्रकों के एनपी परमिट समाप्त हो गए है। जब ट्रक संचालक एनपी परमिट बनाने गए तो सॉफ्टवेयर ने उनका परमिट वीएलटी के चलते नहीं उठाया है। अब हालात यह हैं कि एक दर्जन से अधिक ट्रक यहां पर माल लेकर बाहरी राज्यों को चले तो गए थे लेकिन परमिट समाप्त होने पर बीच में ही खड़े हो गए हैं।

### मुंबई व दिल्ली में बैठकर काम कर रहीं डिवाइस कंपनियां

नालागढ़ नगर परिषद के पार्षद अमरेंद्र सिंह भिंडर, बलजीत कौर, राज कुमार, धर्म सिंह, विरेंद्र पाल, लक्ष्मी सिंह, विक्की, हेमराज़, राजेंद्र कुमार, प्रदीप, राजेश ने बताया कि उनके ट्रक बिना काम से पिछले चार दिन से बॉर्डर पर खड़े हैं। वीएलटी डिवाइस काम न करने से यह दिक्कत आई है। उनके अलावा कई वाहन चालकों को यह दिक्कत आ रही है। ट्रक संचालक गौरव कौशल ने बताया कि वीएलटी डिवाइस कंपनियां मुंबई व दिल्ली में बैठकर काम कर रही है। बीबीएन में हजारों वाहन चालक उनके ग्राहक हैं। इन कंपनियों ने यहां पर अपने डिवाइस तो बेच दिए लेकिन सर्विस देने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं है। जब ट्रक चालक को जरूरत पड़ती है तो उनके डिवाइस काम करना बंद कर देते हैं।

### अतिरिक्त रुपये खर्च

पहले मार्कान कंपनी का डिवाइस लगाया था लेकिन जब उसने काम करना बंद कर दिया तो मजबूरन उन्हें दूसरी कंपनी एटलांटा का वीएलटी लगाना पड़ा, जिससे उनका सात हजार अतिरिक्त रुपये खर्च हुए और बिना कारण उनका ट्रक भी कई दिन तक खड़ा रहा।

यह मामला ध्यान में नहीं है। शीघ्र ही इसकी छानबीन कराएंगे और इसे जल्द ही सुचारू करवाया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को परेशानी न हो।

**- डीसी नेगी**
**निदेशक, परिवहन विभाग।**

***